तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025

13 मितानिनों ने दिया धरना, मांगें पूरी करने की ज़िद पर अड़ीं



16 विश्व शांति और पर्यावरण संरक्षण के लिए पदयात्रा





## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 4 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति आरके मैदान राधिका नगर के पास अपने पास रखे धारदार चाकू को लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार करने की कोशिश की तो वो भागने लगा। इसके बाद उसे घेरा बंदी करके पकड़ गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम युवराज सोनी निवासी मिनी माता चौक कृष्णा नगर सुपेला बताया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

### 850 हड़ताली एनएचएम कर्मियों ने दिया इस्तीफा

**भिलाई।** संविदा एनएचएम कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल ने 18 वें दिन गुरुवार को अजब-गजब मोड़ ले लिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश के 33 जिलों में 25 जिलों के एनएचएम अध्यक्ष को बर्खास्त कर दिया है। इसके विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 16000 हड़ताली कर्मियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। दुर्ग जिले के भी 850 संविदा एनएचएम कर्मियों ने सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी को इस्तीफा दिया है। वहीं अब कर्मी 10 मांगे छोड़कर केवल एक मांग नियमितीकरण पर अड़ गए हैं।नियमितीकरण नहीं होगा तब तक काम पर वापस नहीं लौटेंगे। हड़ताली कर्मियों का कहना है कि सरकार को हमारी कोई चिंता नहीं है। हम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी चौबीस घंटे सेवा देते हैं। और छुट्टी के दिन भी सेवा देते हैं।और कोरोना जैसी महामारी में अपने छोटे बच्चे और परिवार को छोड़ कर अपनी जान की परवाह ना कर सेवा दी है। कुछ स्वास्थ्य विभाग के एन एच एम कर्मचारी प्रेगनेंट होकर भी कोरोना में सेवा दी है। जिसे सरकार ने भूला दी।

### कट्टा दिखाकर लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी भिलाई पुलिस ने कट्टा दिखाकर लूट की घटना को अंजाम देने का प्रयास करने वाले आरोपी दीपक तिवारी गिरफ्तार किया है। नितेश जैन पता विजय ज्वेलर्स चरोदा थाना पुरानी ने थाने में लूट की घटना की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 1 सितंबर की शाम 4.30 बजे जब वो ज्वेलर्स दुकान में बैठा था। आरोपियों ने दुकान घुसते ही थैला से पिस्तौल निकाली और घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी दीपक तिवारी निवासी टांटीबंध जनता कालोनी थाना आमानाका जिला रायपुर को टांटीबंध कब्रीस्तान के पास से गिरफ्तार किया। दूसरा आरोपी हरजीत सिंह भी पकड़ा गया।

# गणित को सरल बनाने वाली डॉ. प्रज्ञा सिंह को राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

अलग खबर

दुर्ग जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हनोदा की शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा सिंह को कल शिक्षक दिवस 5 सितंबर को राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान दिया जाएगा। शिक्षका को यह सम्मान इसलिए दिया जा रहा है कि उन्होने गणित विषय को सरल बनाने गतिविधि आधारित शिक्षा दी। इसके लिए उन्होंने अपनी शाला में स्वयं के खर्च पर एक उन्नत गणित लैब की स्थापना की है। इस लैब में गणित विषय से संबंधित 500 से अधिक शिक्षण सहायक सामग्री निर्मित की है। इसकी सहायता से खेल -खेल में बच्चे गणित की कठिन अवधारणा को सरलता से सीख लेते है, साथ ही बच्चे शाला आने के लिए उत्सुक रहते हैं।

## हनोदा शासकीय स्कूल में उन्नत लैब किया तैयार

### श्रेष्ठा जैसी कठिन परीक्षाओं में बच्चों का चयन

शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा सिंह बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करवाती है। यही वजह है कि बच्चों का चयन एनएनएमएसई, प्रयास, श्रेष्ठा जैसी कठिन परीक्षा में हो रहा है। बच्चों को गणित में शत- प्रतिशत अंक भी प्राप्त हो रहे हैं। गणित लैब के अलावा गणित पार्क भी उन्होंने बनवाया है, जिसमें गणित की सभी कठिन अवधारणा को सरलीकृत किया गया है।



### नवाचार के लिए पहले मिल चुका है पुरस्कार

शिक्षका प्रज्ञा सिंह को नवाचार के लिए पहले भी राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार मिल चुका है। वे बताती हैं कि उनकी विशेष रुचि शिक्षा में नवाचार, टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) निर्माण, आर्ट एवं क्राफ्ट पर रही है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की चहुंमुखी विकास हेतु उचित वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास है। शाला में सीखने सिखाने का आनंदित वातावरण निर्मित करना भी उनकी शैक्षणिक गतिविधि का हिस्सा रहा है। इसलिए बच्चों से वे घुल-मिल जाती हैं। बच्चे टीचर के खौफ से भयमुक्त होकर पढ़ाई करते हैं।

### सामुदायिक सहभागिता से शाला विकास के लिए हमेशा तत्पर रही

डॉ. प्रज्ञा ने बताया कि उन्होने दुर्ग में जिला स्तरीय मॉडल उल्लास केंद्र की भी स्थापना की है। मुस्कान पुस्तकालय के लिए उन्होंने 30,000 रुपये की पुस्तक दान दी हैं। बालिका शिक्षा एवं स्वास्थ्य हेतु विशेष कार्यक्रम 'जागो सखियों' का संचालन कर रही हैं। अभी तक अपने स्कूल में और बच्चों के हित में 8 लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च की है।

### जिला स्तर पर चार शिक्षकों को शिक्षा दूत और आठ शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार

जिला स्तर पर चार शिक्षकों को शिक्षा दूत और आठ शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार मिलेगा। इन शिक्षकों ने सरकारी ढ़र्रे से हटकर विद्यार्थियों के समग्र विकास पर अपनी भूमिका निभाई। अध्यापन के अलावा व्यक्तित्व विकास, सामाजिक विकास की दिशा में भी कार्य किए। फलस्वरूप जिले के 5 हजार शिक्षकों में से ये शिक्षक चुने गए हैं। शिक्षा दूत पुरस्कार धमधा ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेमरी के पुष्पेन्द्र कुमार साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चीचा के संतोष कुमार और दुर्ग ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंडा की प्रधानपाठिका विजयलक्ष्मी राव को दिया जाएगा।

**इन शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार**

**सुनील कुमार स्वर्णकार** सहायक शिक्षक एलबी, शासकीय प्राथमिक शाला रौता- पालक एवं ग्रामवासियों से सहयोग बच्चों को मल्टीमीडिया आधारित शिक्षण दिया। विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के लिए सहयोग किया। प्रिंटरिच वातावरण निर्माण करना।

**दिलीप कुमार वर्मा** सहायक शिक्षक एलबी, शासकीय शाला नवागांव (साली) धमधा- शाला त्यागी बच्ची का शाला प्रवेश जनसमुदाय से सहयोग, आकर्षक बागवानी प्रतियोगी आयोजन । तैयारी टीएलएम का उपयोग असाक्षरों हेतु कार्य प्रिंट रिच वातावरण का निर्माण किया। पालक जनप्रतिनिधि।

**मोहनलाल यादव** सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला मलपुरीकला, धमधा- टीएलएम के माध्यम से शिक्षण, खेल-खेल में बच्चों को सिखाना, किचन गार्डन का निर्माण कि माध्यम से पर्यावरण अध्ययन, जनभागीदारी से शाला विकास इको क्लब का संचालन विभिन्न आयोजन ।

**दीपक कुमार साहू,** सहायक शिक्षक एलबी, प्राथमिक शाला खोपली, दुर्ग- शिक्षा और बच्चों के लिए निरंतर विकास के लिए बेहतर कार्य किये। शाला भवन को प्रिंट रिच वातावरण और सुसज्जित किया। शाला में संसाधन उपलब्ध कराया। बच्चों को प्रोजेक्टर कम्प्यूटर के माध्यम नवाचारी गतिविधियों का संचालन किया।

**भानेश्वरी साहू,** सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला कातरो- बच्चों में बेहतर कलात्मकता का विकास। शाला भवन को प्रिंट रिच वातावरण। संसाधन उपलब्ध कराए। बच्चों को खेल-खेल में नवाचारी गतिविधियां । शाला परिसर में वृक्षारोपण।

**वर्षा यादव** सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला मरोदा टैंक भिलाई- जिले में प्रथम जादुई पिटारा का निर्माण। एप नवाचारी गतिविधि, खेल-खेल में शिक्षा, योगा, एफ.एल.एन. के द्वारा बच्चों को बहुत ही रोचक तरीके से सिखाना। शिक्षिका एन.आई. एस. एथलेटिक और योगा कोच।

**राघवेंद्र कुमार ध्रुव** सहायक.शि.एल.बी प्राथमिक शाला उमरपोटी- बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जन समुदाय से सहयोग लेकर के शाला की दीवारों को रोचक जानकारीक आकर्षक चित्रों से रंग दिया। बच्चों को आधुनिक तकनीकी की शिक्षा देने के लिए लोगों के सहयोग से लैपटॉप का व्यवस्था किया ।

**कामता प्रसाद धनकर,** सहायक शिक्षक एलबी नवीन प्राथ. शाला इंदिरा नगर चीचा- बच्चों की समस्या जानकर उचित समाधान निकालना । खेल गतिविधि के माध्यम से पढ़ाई को रोचक बनाना टीएलएम के माध्यम से पढ़ाई कराना, प्रत्येक शनिवार को बच्चों को योगा कराना ।

**हिरेन्द्र कुमार मंडावी** सहायक .शि.एल.बी. प्राथ. शाला सुरपा, पाटन- बच्चों की समस्या जानकर उचित समाधान निकालना। अपने कार्य के प्रति निष्ठावान, बच्चों और पालकों के साथ अच्छा व्यवहार ।

## पिछले डेढ़ साल में गुम हुए 303 मोबाइल किए जब्त

# दुर्ग पुलिस ने 70 लाख के गुम मोबाइल को किया रिकवर, पहुंचाया मालिकों तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग पुलिस की विषेष टीम ने 70 लाख रुपए कीमत के 303 गुम हो चुके मोबाइल को खोजा है। दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने उन मोबाइल को उनके असली मालिकों के सुपुर्द किया।

जिले में गुम मोबाईल के संबंध में लगातार मोबाईल गुमने की रिपोर्ट प्रार्थियो द्वारा थानो में दर्ज कराई जा रही है। इसे देखते हुए एसएसपी दुर्ग ने एक विशेष टीम का गठन कर गुम मोबाईलों को खोजकर उनके असली मालिकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। इस विषेष टीम ने गुम हुये 303 मोबाईलों को खोजकर एसीसीयू कार्यालय में जमा कराया। साल 2024-2025 में गुमे मोबाईलों से संबंधित आवेदन पत्रों के आधार पर अभियान चला कर दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा एवं रायपुर क्षेत्रों में चल रहे कुल 303 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाइल बरामद किया। इसके बाद उन मोबाइल को संबंधित आवेदकों को दिया गया। जिन लोगों को मोबाइल नहीं मिला वो एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट कार्यालय सेक्टर 3 से अपना मोबाईल प्राप्त कर सकते हैं।





विषेष टीम में आरक्षक मोहम्मद फारुख खान, थाना धमधा, आरक्षक वसीम खान चौकी जेवरा सिरसा, आरक्षक नारायण ठाकुर थाना नेवई, आरक्षक जीत यादव थाना आर जामगांव, विश्वजीत सिंह भिलाई भटठी, भागवत प्रसाद थाना छावनी शामिल रहे।

### साढ़े 5 लाख रुपए की पकड़ी अवैध शराब

**दुर्ग।** आबकारी विभाग की टीम ने जिले में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए साढ़े 5 लाख रुपए से अधिक कीमत की शराब को जब्त किया है। जिला आबकारी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 2 सितम्बर को गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग वृत-भिलाई 2 की टीम को अवैध शराब परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी परमजीत सिंह गिल उर्फ पम्मा निवासी स्ट्रीट 1 शांति नगर पीएस वैशाली नगर दुर्ग के कब्जे से मध्यप्रदेश राज्य की निर्मित 24 बोतल रॉयल चौलेंज विस्की, 50 पाव मेक्डावल नम्बर वन विस्की और 200 पाव गोवा सहित कुल 63 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 52,240 रुपए बताई जा रही है। इसके साथ एक सफेद रंग की आई 20 कार सीजी 4 एलसी 4534 जिसका मूल्य लगभग 5 लाख है। इस तरह आबकारी विभाग ने कुल 5,52,240 रुपए की जब्ती की है। आरोपी के आबकारी एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया।

## 6 हजार रुपए के लिए दंपती की हत्या, 10 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

महज 6 हजार रुपए के लिए दंपती को मौत के घाट उतारने वाले को न्यायालय ने 10 साल कैद की सजा सुनाई। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना धमधा थाना अंतर्गत ग्राम भरनी की है। 1 और 2 अप्रैल 2020 को आरोपी ताराचंद उर्फ डाला पुरानिक भरनी निवासी बासदेव साहू के घर पहुंचा। उससे विवाद किया। इसके बाद बासदेव और उसकी पत्नी चैती साहू पर चाकू और लकड़ी के कुटेला से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। चैती बाई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बासदेव ने 11 अप्रैल को दमतोड़ा। पुलिस ने अशोक बारले की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की। जांच के दौरान बता चला कि ताराचंद ने अपनी बाइक 6 हजार रुपए में बासदेव के पास गिरवी रखी थी। आरोपी ताराचंद 6 हजार रुपए जुए में हार गया। इसके बाद बाइक लेने बासदेव के घर पहुंच गया। जहां विवाद के बाद आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। शासन के तरफ से पैरवी लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की। आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध, शांति समिति की बैठक में लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिले में आगामी त्योहारों ईद-ए-मिलाद और अनंत चतुर्दशी के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एडीएम अभिषेक अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने की। बैठक में ईद-ए-मिलाद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं जाने पर सर्वसम्मति बनी। एडीएम ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी निर्धारित गाईडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

### सख्ती से होगा आदेश का पालन

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि ईद-ए-मिलाद का जुलूस शाम 6.30 बजे तक निर्धारित स्थल पर पहुंच जाएं, ताकि शाम के समय होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान भीड़भाड़ से बचा जा सके। उन्होंने पंडालों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। राठौर ने कहा कि डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू रहेगा और पुलिस प्रशासन द्वारा नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया कि आयोजन स्थलों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी आयोजकों की होगी।

दुर्ग हटिया एक्सप्रेस का मामला

## एएसआई और कांस्टेबल का बैग चोरी, रखा था सर्विस रिवाल्वर, मैग्जीन और कारतूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

हटिया दुर्ग एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे इंडो तिब्बत बार्डर पुलिस के एएसआई और हेड कांस्टेबल का पिट्ठू बैग चोरी हो गया। उस बैग में उन लोगों ने सर्विस रिवाल्वर, चार मैग्जीन, 24 जिंदा कारतूस और 10 हजार रुपए रखे थे।

इस घटना के बाद से रेलवे में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक आटीवीपी के एएसआई वायपी ओझा, हेड कांस्टेबल टेलीकाम जितेंद्र सिंह और कांस्टेबल बुद्ध देव मलिक हटिया दुर्ग के जनरल कोच में सवार होकर दुर्ग की तरफ जा रहे थे। बीते मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात 3 बजे जब ट्रेन चांपा पहुंची तो वो लोग सो गए। सुबह 5.50 बजे जब ट्रेन भाटापारा पहुंची तो उनकी नींद खुली। उन्होंने देखा कि उनका पिट्ठू बैग गायब है। ओझा ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम एक्टिव हुई।




■ जीआरपी ने अपराध दर्ज कर मामले में शुरू की जांच, कैमरे खंगाल रही पुलिस

उनके द्वारा भाटापारा से लेकर चांपा स्टेशन सहित बीच में आने वाले सभी स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसमें उन्हें कोई संदिग्ध नहीं दिखाई दिया। जांच के दौरान बिलासपुर में स्टेशन चौक से तितली चौक के बीच झाड़ियों के पास शिकायतकर्ता के दस्तावेज और कपड़े मिले हैं, लेकिन हथियार और कारतूस व नगदी का कोई पता नहीं चला है। आरपीएफ और जीआरपी ने मामले की जांच में कई टीमों को लगाया हुआ है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री


916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

भिलाई नगर थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

# कोलकाता के युवक की नाले में गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई नगर थाना अंतर्गत नेहरूनगर अंडर ब्रिज से टाउनशिप की तरफ जाने वाले मार्ग पर स्थित नाले में गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला। मृतक के सिर में चोट के निशान थे। मृतक कोलकाता निवासी सुरोजित रॉय बताया गया है, जो पिछले कुछ समय से कोहका में रह रहा था। एक रेस्टोरेंट में शेफ का काम करता था। पुलिस ने बताया कि वह नशे का आदी था। मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका खुलासा नहीं हो पाया है। आशंका जताई जा रही है कि वह नाले के पास खड़ा रहा होगा, अनियंत्रित होकर नीचे गिरा, इसके बाद चोट लगने से उसकी मौत हो गई। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है।



पुलिस ने बताया कि उसके पास मिले पर्स, आधार कार्ड और मोबाइल से पहचान हो पाई है। परिजनों को खबर दी गई है, उनके आने के बाद ही शव को पीएम कराया जाएगा। पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि नेहरूनगर अण्डरब्रिज से लगे नाले व झाड़ियों के बीच सुबह लगभग 8.30 बजे लोगों ने देखा और सूचना दी।

मौके पर भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी व डायल 112 की टीम पहुंची। मृतक के कपड़ों की जांच करने पर पुलिस को एक पर्स मिला और एक की पैड मोबाइल मिला। पर्स में कुछ कैश, कैटरिंग के कार्ड व आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान सुरोजित रॉय के रूप में हुई। युवक ने भूरे रंग की शर्ट, काला जींस वा जूता पहना है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह जब लोग टहलने निकले तो नाले के पास वहां उन्हें एक युवक का शव देखा गया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

### खारुन तट पर विसर्जन 6 से 8 सितंबर तक, आदेश जारी

**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत 27 अगस्त से विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना किया गया जिसके विसर्जन को लेकर नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा दिशानिर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत 6 सितंबर  से 8 सितंबर तक सत्ती मंदिर के पास खारून नदी वार्ड क्रं. 13 में विसर्जन किया जाना है। अटारी एनीकेट में अधिक जल भराव होने के कारण अटारी एनीकेट को प्रतिबंधित किया गया है। पालिका प्रशासन द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्व भी सौंप दिए गए है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में शिक्षक दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग में बड़े हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभागार को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

विद्यालय के छात्र-छात्रओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षकों को सम्मानित किया। कविता गीत एवं नृत्य और नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मंच संचालन भी विद्यार्थियों द्वारा किया गया जिससे समारोह और भी रोचक बन गया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों द्वारा भी






सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका संचालन एक्टिविटी इंचार्ज जोहरा अली के द्वारा किया गया। डीपीएस दुर्ग की डायरेक्टर पुनीता नेहरू ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं, जिनके मार्गदर्शन से विद्यार्थी जीवन में सफलता की ऊँचाइयों को छूते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पूरा वातावरण गुरु–शिष्य की परंपरा और आपसी स्नेह से सराबोर रहा। यह समारोह विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए अविस्मरणीय बन गया। कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग की डायरेक्टर पुनीता नेहरू, सीनियर मास्टर आरसी द्विवेदी विशिष्ट प्राइमरी विभाग से नवनीत रेखी, सपना चौधरी एवं सादिया फारुकी विशिष्ट रूप से उपस्थित रही।

# निकुम में नेटवर्क की समस्या, ग्रामीण परेशान

**निकुम।** ग्राम निकुम में बीते महीने भर से मोबाइल नेटवर्क की समस्या से ग्रामीण परेशान है, जिसके कारण पंचायत के सरकारी योजनाओं पर भी असर पड़ रहा है। मनरेगा, राशन कार्ड ऑनलाइन, स्कूल संबधी ऑनलाइन फॉर्म सहित कई सरकारी कार्य करने में दिक्कत हो रही है। अटल नगर निकुम के लोकेश्वर साहू , दिनेश साहू ने बताया कि जिओ का मोबाइल टॉवर बस स्टैंड निकुम गांव में लगा है, लेकिन मेंटेनेंस नहीं होने के उपभोक्ता परेशान है। फोन में नेटवर्क नहीं मिल रहा है। मोबाइल में बात करते करते कॉल ड्राप हो जाता है,जिसके कारण ग्रामीण परेशान है। निकुम में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, सरकारी स्कूल,कॉलेज ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम , सिलेंडर गैस रिफिलिंग सेंटर, पोस्ट ऑफिस सहित स्टूडेंट को काफी दिक्कत हो रही है। वही कई सरकारी सुविधाओं पर नेटवर्क के कारण कामकाज में तकलीफ हो रही है। निकुम 15 गांव का केंद्र बिंदु होने के कारण दूसरे गांव में भी नेटवर्क के लिए मजबूरी हो गई। शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस बनी हैं। कॉलेज छात्रा ओमेश्वरी देशमुख,ने कहा नेटवर्क की समस्या जल्दी सुधारे, ऑनलाइन पढ़ाई, नोट्स बनाने में रोज एड़ी चोटी करना पड़ रहा है।



**खबर संक्षेप**

## प्रदेश मंत्री बनने पर वर्मा का होगा स्वागत

**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी नवीन कार्यकारिणी में पाटन विधानसभा क्षेत्र के झाड़मोखली निवासी जितेन्द्र वर्मा को प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। प्रदेश मंत्री का दायित्व संभालने के बाद प्रथम बार जितेन्द्र वर्मा का अपने गृह ग्राम झाड़मोखली आगमन 5 सितंबर को शाम 6 बजे होने जा रहा है। इस अवसर पर ग्रामवासी उनके स्वागत एवं अभिनंदन की जोरदार तैयारी में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह आयोजन ग्रामवासियों के लिए गौरव का क्षण है और पूरे गांव का माहौल उत्साहपूर्ण रहेगा।

# मितानिनों ने दिया धरना, मांगें पूरी करने की ज़िद पर अड़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



मितानिन दीदियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सुबह से ही बड़ी संख्या में मितानिनें चौक पर एकत्रित हुईं और नारेबाज़ी करते हुए अपनी आवाज़ बुलंद की। उनका कहना है कि जब तक सरकार उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

धरने पर बैठी मितानिन बहनों का आरोप है कि उन्हें वर्षों से मानदेय समय पर नहीं मिलता और न ही उनके कार्यों के अनुसार उचित सम्मान और सुविधाएँ दी जाती हैं। कई ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहली कड़ी मितानिनें ही होती हैं, लेकिन उनके साथ उपेक्षा का रवैया अपनाया जाता है। "हम गांव-गांव जाकर गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बीमार लोगों की देखभाल करते हैं, लेकिन हमारा मेहनताना समय पर नहीं मिलता। हमें पर्याप्त प्रोत्साहन राशि भी नहीं दी जाती।" – एक मितानिन ने बताया।

प्रदर्शन के दौरान मितानिनों ने अपनी प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें मानदेय में बढ़ोतरी, नियमित भुगतान, स्थायी नियुक्ति और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान को मान्यता देना शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अमले से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, इसलिए अब सड़क पर उतरना पड़ा है। धरना स्थल पर माहौल गर्माते देख स्थानीय नागरिक भी रुककर स्थिति को समझते रहे। कई सामाजिक संगठनों ने मितानिन बहनों का समर्थन जताया और कहा कि अगर इन्हें न्याय नहीं मिला तो ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

इस बीच धरने की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुँचे और मितानिनों से चर्चा की। अधिकारियों ने उनकी समस्याओं और मांगों को उच्च स्तर तक पहुँचाने का आश्वासन दिया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने साफ़ कहा कि केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, उन्हें लिखित आदेश या ठोस निर्णय चाहिए। जब हमारे अधिकारों की बात आती है तो हमें अनसुना कर दिया जाता है। अब चुप बैठने का समय खत्म हो गया है।" धरना शाम तक जारी रहा और मितानिनों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे पाटन ही नहीं, बल्कि पूरे जिले की मितानिनों पूरे 72 हजार मितानिनों इस आंदोलन से जुड़ेगी दीदी यो ने कहा पाटन सीएसपी अनूप कुमार लकड़ के निर्देश पर पुलिस प्रशासन मोर्चा संभालते नजर भी आए और आने जाने वालों को ध्यान में रखते हुए समझाइश भी दिया जा रहे है।

## मानस गान में जुटे श्रद्धालु



**उतई।** गणेश उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा मानस गान का आयोजन किया गया। जिसमें रात्रि 8 बजे से ज्ञान गंगा मानस परिवार सिलतरा बोरी धमधा वाले व्याख्याकार हेमंत वर्मा ने सबसे पहले भगवान गणेश की वंदना के साथ मानस गान प्रारंभ किया। गायिका लक्ष्मी यादव और काजल मानिकपुरी ने भजन प्रस्तुत किया। संगतकार के तौर पर लोकनाथ साहू, पुनीत मानिकपुरी राजु यदु, डॉली यादव, काजल मानिकपुरी और लक्ष्मी यादव आदि ने मानस गान प्रस्तुत किया। समिति के अध्यक्ष बलराम बबलू साहू ने बताया कि देवेन्द्र साहू, हीरामणी ,अजय हिरवानी भुपेंद्र साहू ,लक्की पटेल ,मुकुल पटेल, महेन्द्र पटेल, लालू, चीन्टू साहू आदि रहे।



15



दुर्घटनाओं में कमी लाने यातायात नियमों का पालन करने किया प्रेरित

## लाइव इवेंट

### हृदय में बसाने का संदेश- सृजन करें विसर्जन नहीं

**भिलाई।** गणेशोत्सव केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का अद्भुत सूत्र है। हम हर वर्ष गणपति का सृजन करते हैं, उन्हें हर्षोल्लास के साथ अपने घर बुलाते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं और फिर विसर्जन के साथ विदा करते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या गणपति का अर्थ केवल इन दस दिनों तक सीमित है जिसका उत्तर है नही। गणपति का वास्तविक संदेश यही है कि उन्हें मिट्टी की मूर्ति के साथ विसर्जित मत करो, बल्कि उनके गुणों को हृदय में स्थायी रूप से बसा लो। डॉ अजय आर्य ने कहा कि गणपति का सृजन इस बात का प्रतीक है कि जीवन हमें निरंतर नई शुरुआतों का अवसर देता है। मिट्टी से बनी उनकी प्रतिमा यह याद दिलाती है कि चाहे हम कितने भी ऊंचे क्यों न उड़ें, हमारी जड़ें धरती से जुड़ी रहनी चाहिए।



विघ्नहर्ता का बड़ा सिर चिंतन और विवेक की प्रेरणा देता है। छोटी आँखें गहन दृष्टि और एकाग्रता का संदेश देती है। टूटा हुआ दांत अपूर्णता में भी पूर्णता का दर्शन। सवारी चूहा सिखाता है कि लक्ष्य स्पष्ट हो तो सबसे छोटा भी महान कार्य कर सकता है। गणपति जीवन प्रबंधन के सूत्र बताते है कि अच्छाइयों को अपने भीतर स्थायी करो। असफलताएँ भी आगे बढ़ने का अवसर हैं। बड़ा पेट धैर्य का, बड़े कान सुनने का, छोटी आँखें एकाग्रता का संदेश देती हैं। हर अहंकार क्षणभंगुर है, विनम्रता ही स्थायी है। यदि हम गणपति को केवल दस दिनों तक पूजेंगे तो यह उत्सव क्षणिक बनकर रह जाएगा। पर यदि उनके संदेशों को वर्षभर हृदय में संजोकर जिएंगे, तो जीवन स्वयं उत्सव बन जाएगा। इस बार जब हम विसर्जन के समय गणपति बप्पा मोरया कहें, तो केवल मूर्ति को जल में न बहाएँ, बल्कि उनके सूत्रों को अपनी आत्मा में बहाएँ। तब हर दिन, हर क्षण, हर संबंध में गणपति की उपस्थिति अनुभव होगी और जीवन सचमुच हर्षमय और मंगलमय बन जाएगा।

## सिटी इवेंट

### वाणिज्य के विभिन्न पहलुओं पर डेबिट व क्रेडिट स्पर्धा, टीम डेबिट बनी विजेता



**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको भिलाई के वाणिज्य विभाग द्वारा कॉम बज्ज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को वाणिज्य के विभिन्न पहलुओं, उसके ऐतिहासिक विकास और वर्तमान व भविष्य में उसकी प्रासंगिकता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में बी कॉम प्रथम के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वीरभद्र ने वाणिज्य का परिचय विषय पर पावरपॉइंट प्रस्तुति दी, नम्रता ने वाणिज्य का कल, आज और कल विषय पर प्रस्तुति दी। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने वाणिज्य से संबंधित शब्दों पर आधारित एक रोचक खेल भी खेला, जिसमें दो टीमें डेबिट और क्रेडिट बनाई गईं। खेल के दौरान प्रतिभागियों को चिट उठाकर उस वाणिज्यिक शब्द का अभिनय करना था, और टीम के अन्य सदस्यों को उसका सही उत्तर बताना था। सही उत्तर देने पर एक अंक मिलने थे।

अंत में टीम डेबिट ने अधिक अंक प्राप्त कर जीत हासिल की। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शर्मिला सामल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और विषयागत ज्ञान दोनों को विकसित करते हैं। उन्होंने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि कॉम बज्ज जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नेतृत्व कौशल को प्रोत्साहित करते हैं, साथ ही टीम भावना को भी मज़बूत करते हैं। शंकराचार्य एजुकेशनल कैंपस हुडको के सीओओ डॉ. दीपक शर्मा और डॉ. मोनिषा शर्मा ने भी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शैक्षणिक एवं मनोरंजक आयोजन युवा पीढ़ी को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अमरजीत और विजय मिश्रा का योगदान रहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रयास और सक्रिय सहभागिता की सराहना की।

### फुगड़ी, बिल्लस, गेड़ी और लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 7 को

**दुर्ग।** जिला निषाद समाज दुर्ग महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीज मिलन महोत्सव का आयोजन रविवार को सुबह 10 बजे से विवेकानंद हॉल सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव शामिल होंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि महापौर अलका बाघमार, प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद, जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद उपस्थित रहेंगे। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संतोषी निषाद ने बताया कि तीजा तिहार महोत्सव में कई आकर्षक प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें कुर्सी दौड़, फुगड़ी, तीज क्वीन, बिल्लस, गेड़ी नृत्य, लोक नृत्य, क्विज गेम तथा विशेष आकर्षक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी।

● ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद चौबे ने बताया की खग्रास चन्द्र ग्रहण पापग्रस्त

# पंचक में किया गया पूजा-पाठ देता है पांच गुना अधिक फल, 6 को ही करें गणपति विसर्जन, प्रभावशाली खग्रास चन्द्र ग्रहण 7 को

भिलाई। इस वर्ष पितृपक्ष में दो दो ग्रहण लगने जा रहा है जिसमें से वर्ष का सर्वाधिक प्रभावशाली चन्द्र ग्रहण 7 सितम्बर को लगेगा। यह ग्रहण पूरे भारत में दृश्य होने के कारण इसका शुभाशुभ फल सभी पर देखने को मिलेगा। खग्रास चन्द्र ग्रहण पापग्रस्त श्रृंगोन्नत (गाय के सिंग के आकार का दिखने वाले) चन्द्र से भी अधिक अशुभकारी स्थितियों को दर्शाता है।भारतीय समयानुसार 7 सितम्बर को रात्र 9 बजकर 57 मिनट से प्रारम्भ होकर 7 और 8 की आधी रात 1 बजकर 27 मिनट तक चंद्र ग्रहण रहेगा। सूतक दिन में 12 बजकर 57 मिनट से ही प्रारंभ हो जाएगा।

### गणपति विसर्जन में पांच नक्षत्रों का पंचक

गणेश का विसर्जन अनंत चतुर्दशी को करने का विधान है। अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर को है, लेकिन 5 सितंबर को रात 11 बजकर 34 मिनट से पंचक शुरू हो जाएगा, जो आगामी पांच दिनों तक रहेगा। ऐसे मे लोगों के मन मे यह भ्रम की



स्थिति है कि गणेश का विसर्जन पंचक में करना चाहिए या नही? इस विषय पर ज्योतिषाचार्य और श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य पण्डित विनोद चौबे ने बताया की ज्योतिष शास्त्र के अनुसार धनिष्ठा आदि पांच नक्षत्रों को पंचक कहा गया है, पंचक में काष्ठ का संग्रह (लकड़ी का सामान) खरीदना, चारपाई बुनना, छत की ढलाई कराना एवं दक्षिण दिशा की यात्रा वर्जित बताया गया है, इसमे कहीं पर भी पंचक में पूजा-पाठ, हवन-यज्ञ-विसर्जनादि करना वर्जित नहीं बताया गया है, बल्कि पंचक में किया गया पूजा-पाठ का पांच गुना अधिक फल प्राप्त होता। इसलिए 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी को सुबह से सूर्यास्त के पूर्व तक गणेश का विसर्जन उत्तम रहेगा।

### एक दिन देरी हुई तो गणेश विसर्जन पर लग जाएगा ग्रहण

घर में गणेश स्थापना हो या सार्वजनिक गणेश की प्रतिमा का विसर्जन अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर को ही कर लेना उचित रहेगा।, क्योंकि 7 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट से चन्द्र ग्रहण का सूतक आरंभ हो जाएगा। सूतक के दौरान मंदिरों के पट बंद कर दिये जायेगे। देवी -देवताओं की मूर्ति का स्पर्श वर्जित है, इस दौरान गणपति बप्पा का विसर्जन अनुचित होगा है।



### काला उड़द, दही, मीठा चावल और वस्त्र का दान करे



ज्योतिषाचार्य ने बताया कि यह चंद्र ग्रहण राहु के नक्षत्र शतभिषा में लग रहा है। इस दौरान शनि की साढ़ेसाती से पीड़ित कुम्भ, मीन और वृश्चिक, कर्क राशि वाले जातक अधिक राहु से भी प्रभावित रहेंगे। इसलिए इन लोगों को विशेष रूप से ग्रहण समाप्त होने पर रात्रि में स्नान कर काला उड़द, दही, मीठा चावल और चेकदार वस्त्र का दान करना चाहिए।

### नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का करें जप

7 को लगने वाले चंद्र ग्रहण अलग अलग राशियों में विभिन्न फल देंगे। मेष, वृष, कन्या और धनु राशि वाले लोगों के लिए यह ग्रहण अत्यंत शुभप्रद परिणाम देने वाला रहेगा, वहीं मिथुन, सिंह और मकर और तुला राशि वालों को आर्थिक नुकसान और मानसिक तनाव बढ़ सकता है। इन चारों राशियों को चाहिए की स्फटिक माला से नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का ग्रहण काल के दौरान जाप करें।

## तीज सेलिब्रेशन में दिखा उत्साह संस्कृति और परंपरा की झलक भी

**भिलाई।** प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज दुर्ग द्वारा तीज मिलन कार्यक्रम पंचवटी मैरिज पैलेस में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं को सुहाग सामाग्री वितरित की गई।

साथ ही समाज की महिलाओं द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर समाज की अध्यक्ष तूलिका तिवारी, सचिव ज्योति द्विवेदी और प्रदेश उपाध्यक्ष आशा शुक्ला ने समाज की महिलाओं को आगे बढ़ने और संगठित होने पर जोर दिया। ममता तिवारी और आरती तिवारी ने सभी महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की।




विशिष्ट अतिथि समाज की प्रदेश अध्यक्ष भारती किरण शर्मा, नारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष निशा तिवारी, शक्ति महिला मंडल विप्र समाज रायपुर अध्यक्ष प्रीती शुक्ला, सर्व ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष प्रीती बेहरा, सरयूपारी ब्राह्मण समाज दुर्ग संरक्षिका सुमन पांडेय, पुष्पा तिवारी, अध्यक्ष अर्पणा चौबे सहित कई पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

सभी मेहमानों और प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में तूलिका तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक, दिए जरूरी टिप्स



**भिलाई।** जीवनदान सेवा संस्था दुर्ग और संयुक्ता की टीम द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य संगोष्ठी का निःशुल्क आयोजन तालपुरी बी ब्लॉक स्थित बालाजी सभागार में आयोजित किया गया। संगोष्ठी का आयोजन महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करने और समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में जिला महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लक्ष्मी बघेल और स्वास्थ्य सलाहकार टीकम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी में महिलाओं व बालिकाओं को हो रही पीसीओडी और पीसीओएस समस्याओं तथा उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। संयुक्ता की मुख्य सदस्य ममता शुक्ला, वरलक्ष्मी राव, बैजन्ती उपाध्याय, रिंकू शर्मा, रानी पिल्लै, नीलम तिवारी, नीता ओझा, वर्षा सेन ने इस बीमारी की जानकारी दी। इस दौरान अन्य सदस्याएं भावना मणि, श्यामली मुखर्जी, सुशीला सूर्यवंशी, माला यादव, मीनू सिंह, प्रियंका सिंह, माया अधिकारी, चंद्रिका परमार उपस्थित रही।

भिलाई चेम्बर छात्रों को कर रहा जागरूक, स्वदेशी अपनाओ का दे रहा संदेश

## देश में बने उत्पादों का प्रयोग करना भी सच्ची राष्ट्र की सेवा स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर बनने युवाओं को किया प्रोत्साहित

कार्नर न्यूज

भिलाई। भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा युवाओं और विद्यार्थियों के लिए "जिंदगी न मिलेगी दोबारा" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन एमजीएम स्कूल सेक्टर 6 आयोजित किया गया। पिछले 8 वर्षों से निरंतर स्कूलों व कालेजो में छात्रों को जागरूक करने, उनमें आत्मविश्वास जगाने और जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से जीने के लिए प्रेरित करने के लिए किया जा रहा है। इस दौरान आज के समय में विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता छोड़कर अपने देश में बने उत्पादों का प्रयोग करना ही सही मायनों में राष्ट्र की सेवा करने प्रोत्साहित किया गया। सदुपयोगजिससे कई बच्चें अब अपने पेरेन्ट्स और दोस्तों से खुलकर बातचीत कर तनाव मुक्त भी हुए है। भिलाई चेम्बर द्वारा आयोजित कार्यक्रम जिंदगी न मिलेगी दोबारा शहर के स्कूलों और कालेज में आयोजित किया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी को नई दिशा मिल सके।



### विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने किया प्रोत्साहित

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने विद्यार्थियों को सभी स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी अगर अपने हुनर, ज्ञान और संकल्प के साथ स्वदेशी को अपनाएगी तो न केवल राष्ट्र की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी बल्कि व्यक्तिगत सफलता के मार्ग भी खुलेंगे। कार्यक्रम में छात्रों को संदेश दिया गया कि जिंदगी न मिलेगी दोबारा, इसलिए हर पल को सार्थक बनाना है, अपने सपनों को साकार करने के लिए कर्मपथ पर आगे बढ़ना और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लेना है। भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स निरंतर युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने के लिए ऐसे रचनात्मक और प्रेरणादायी आयोजनों की श्रृंखला आयोजित करते रहते है।

### आत्मनिर्भर की दिशा में बढ़े आगे

भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने कहा कि आज के समय में विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता छोड़कर अपने देश में बने उत्पादों का प्रयोग करना ही सही मायनों में राष्ट्र की सेवा है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन के मूल्यवान समय का सदुपयोग करने, सकारात्मक सोच रखने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साइबर जागरूकता के लिए भी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम एमजीएम स्कूल सेक्टर 6 में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर महेश बंसल, अतुल गर्ग, सुमन कन्नोजे, रितेश अग्रवाल, चिन्ना राव, रामाराव व अनेक चेम्बर के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील मिश्रा ने किया।

## सिटी इवेंट

### रामलला दर्शन योजना का सपना हुआ साकार, ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष में अयोध्या धाम के लिए भारत गौरव ट्रेन के रवाना होने के अवसर पर दुर्ग और बस्तर संभाग के यात्रियों में उत्साह देखा गया। दुर्ग स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत और अयोध्या धाम रवाना करने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, स्कूल शिक्षा एवं ग्रामोद्योग मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, महापौर दुर्ग अल्का बाघमारे, कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह और दुर्ग एसपी विजय अग्रवाल मौजूद थे। दुर्ग संभाग के लिए निर्धारित इस ट्रेन को राजनांदगांव के यात्रियों की सुविधा और मांग को देखते हुए नीलू शर्मा के अथक प्रयासों से ये ट्रेन राजनांदगांव से रवाना होकर दुर्ग और बस्तर संभाग के तीर्थ यात्रियों को दुर्ग स्टेशन से लेकर अयोध्या धाम पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड और इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन के मध्य एमओयू किया गया था। इस योजना के अंतर्गत अब तक छत्तीसगढ़ के लगभग 28,050 दर्शनार्थियों को निःशुल्क दर्शन कराया जा चुका है। प्रभु राम लला दर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या धाम के लिए यह स्पेशल सप्ताहिक भारत गौरव ट्रेन रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर-दुर्ग (संयुक्त) संभाग के यात्रियों को श्री राम लला अयोध्या धाम दर्शन के लिए निरंतर जारी रहेगी।

## सिटी लाइव

### हिन्दू युवा छात्र मंच शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** हिन्दू युवा छात्र मंच के नेतृत्व में दुर्ग जिले के सैकड़ों छात्र-छात्राओं, युवा कार्यकर्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने जिला शिक्षा अधिकारी को विभिन्न शासकीय एवं निजी विद्यालयों में व्याप्त शैक्षणिक, प्रशासनिक और धार्मिक अनियमितताओं के विरुद्ध तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की। मंच द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें 9 प्रमुख मुद्दों को उजागर किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व मंच के जिला प्रभारी आलोक खापर्डे ने किया। कार्यक्रम प्रभारी सोमेश दास मानिकपुरी, सह प्रभारी अंकित दुबे सहित संगठन के शिबू सोनी, नीरज देवांगन, आयुष देशमुख, विशाल महानंद, शिवांश वैष्णव, जय राजपूत, रोशन राजपूत, कृषभ दास, दिकेश साहू, भावेश अग्रवाल, इशांत डहरवाल, जय साहू, प्रिंस तिवारी, तुषार राजपूत, यश अंदानी, निरंजन राजपूत, प्रांजल उमरे, निक्की घोटेकर, राम लालवानी, जागेश्वर ठाकुर (जग्गू), ओम चंद्राकर अन्य पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन में जिलेभर से सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही।

## समाज इवेंट

### जिला सेन समाज दुर्ग महिला प्रकोष्ठ ने मनाया तीज महोत्सव, दिया रिटर्न गिफ्ट



**दुर्ग।** सर्व सेन नाई समाज दुर्ग जिला महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीज मिलन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार ने की। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ केश शिल्प कला बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन और विशेष अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सेन, प्रदेश सचिव भुवनलाल कौशिक , विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र उमरे, समाज के जिला अध्यक्ष भीखम सेन, समाज सेविका रिचा सेन, पूर्व जनपद सदस्य सरस्वती सेन, छत्तीसगढ़ यूथ कलाकार संघ की अध्यक्ष काजल श्रीवास व दुर्ग निगम की पार्षद ममता सेन थे। इस अवसर पर महापौर अल्का बाघमार ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं का एकत्र होना सेन समाज की एकता और संगठन को प्रदर्शित करता है और मेरा सहयोग हमेशा सेन समाज के बहनों को मिलता रहेगा। दुर्ग जिला सेन समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष किलेश्वरी उमरे ने बताया कि छत्तीसगढ़ में और दुर्ग जिले के इतिहास में पहली बार इकाई स्तर तक महिलाओं की कार्यकारिणी गठित किया जा रहा है। महिला प्रकोष्ठ की सचिव पार्षद सुरूचि उमरे कोषाध्यक्ष कंचन कौशिक उपाध्यक्ष रश्मि सेन, आशा उमरे संरक्षक एवं हिमन श्रीवास ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ लक्ष्मीनारायण सेन, जिला अध्यक्ष सेलून संघ संतोष सेन, आकाश सेन अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, गुणेश्वर सेन, रंजीत उमरे, विमल सेन, राजू सेन, श्री यादेश्वर सेन, पोषण सेन, मंथीर सेन, विजय सेन, बलेश्वर सेन, बलराम सेन आदि का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर सर्वाधिक इकाई और सबसे पहले ब्लाक में महिला प्रकोष्ठ गठित करने के लिए नरेश श्रीवास ब्लाक अध्यक्ष पाटन को प्रथम स्थान एवं नीलकंठ श्रीवास अध्यक्ष भिलाई नगर को द्वितीय स्थान से पुरस्कृत किया गया। कुर्सी दौड़ में घीसम कौशिक ने प्रथम, सुलोचना सेन ने द्वितीय एवं बरखा सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी के 1500 वें साल पर खास तैयारियों, लोगों ने बताई नबी से जुड़ी खास बातें

# पूरी दुनिया के लोगों के लिए रहमत बनकर आए नबी, उनकी राह पर चल कर ही आएगा अमन

**भिलाई।** पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के 1500वें जन्मदिन पर 5 सितंबर को शहर में कई आयोजन होने जा रहे हैं। हजरत मो. की आमद के 1500वें साल होने पर हर तरफ खुशियों का माहौल है। जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारी में जुटे लोग मानते हैं कि दुनिया में अमन कायम करना है तो पैगम्बर हजरत मुहम्मद के बताए रास्ते पर अमल करना सबसे बड़ी पहल है। हजरत मुहम्मद ने जिंदगी जीने का जो तरीका बताया है, वह समूची मानवता के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। जरूरत इस बात की है कि हम इस पर अमल कर अपनी और समाज की जिंदगी को भी सुधारें।



### पैगम्बर की दुनिया में आना, इंसानियत के लिए रहमत है : मुफ्ती सोहेल



काज़ी ए शहर भिलाई-दुर्ग मुफ्ती मुहम्मद सोहेल कासमी कहते हैं कि पैगम्बर मोहम्मद का दुनिया में आना इंसानियत के लिए रहमत है और बेहतरीन जिंदगी गुजारने का तरीका और व्यवस्थित समाज के स्वरूप को खड़ा करके दुनिया में अल्लाह के पैगाम को पहुंचना है। हमारी जिंदगी का मकसद होना चाहिए, अल्लाह को राज़ी करना उसकी बंदगी करना।

### इंसानियत जिंदा होती है नबी की जिंदगी पर अमल से : हाजी सिद्दीकी



हाउसिंग बोर्ड निवासी हाजी एमएच सिद्दीकी कहते हैं कि पैगम्बर हज़रत ने साफ सुथरी पाकीजा जिंदगी की रहनुमाई की है और ऐसा सामाजिक माहौल तैयार किया जिससे इंसानियत जिंदा होती है। इस्लाम के मायने सलामती और अमन से है। पूरी दुनिया में अमन व सलामती कायम रहे, इसके लिए हजरत मोहम्मद ने लोगो को हिदायत दी। अल्लाह ने कमोबेश सवा लाख से ज्यादा अपने रसूल और नबी इस दुनिया में भेजे। इनमें आखिर नबी सरदारूल अम्बिया की उम्मत में पैदा होना हम सबके लिए बड़ी किस्मत की बात है।

### तमाम आलम के लिए भेजे गए हजरत मुहम्मद : इमाम अमीन




मशहूर नात खां और मस्जिद आयशा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के इमाम मौलाना सैय्यद फैसल अमीन कहते है कि पैग़म्बरे मुस्तफा की जिंदगी इंसानियत की रहनुमाई है। अल्लाह को पाना है तो हज़रत मुहम्मद वाली पाकीजा जिंदगी इख्तियार करना लाज़मी है। मौलाना कहते हैं कि केवल मुसलमानों ओर ईमान वालो के लिए ही नहीं बल्कि तमाम आलम के लिए रसूल बनाकर भेजें गए हैं।

### नबी पूरी दुनिया के लिए रहबर बन कर आए : नदीम



दुर्ग निवासी मजहर नदीम कहते हैं हजरत मोहम्मद पूरे दुनिया ए इंसानियत के लिए रहबर बनकर आए। उन्होंने दुनिया के तमाम लोगों के लिए अमन और सलामती की राह को मजबूत करने के साथ सच्चाई पर चलने हिदायत दी। साथ ही यह बताया कि आपका पड़ोसी हमेशा आपके अच्छे तालुकात के साथ अमन हिफाज़त मे रहे, मजदूर का पसीना सूखने से पहले उसकी मजदूरी अदा कर दी जाए, बेटियों को खूब बढ़ाओं और आगे बढ़ाओं। उनकी यह तमाम तालीम आज भी किसी किसी एक कौम के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए है।

### नबी की आमद से जहालत मिटी दुनिया से : कहकशां



जोन 3 खुर्सीपार निवासी गृहिणी कहकशां कुरैशी कहती हैं कि हजरत मोहम्मद से दुनिया में जहालत खत्म हुई खुशहाली अमन और गुलामी से आजादी मिली। महिलाओं के अधिकार को नबी ने 1500 साल पहले दिलाना शुरू किया, अरब में लड़की पैदा होना बुरा समझा जाता था लड़कियों को जिंदा दफन कर देना आम था उस दौर में उन्होंने ने तालीम देकर और अल्लाह का नाराजगी की खबर देकर समाज में लड़कियों को इज्जत दिलाई। बेवा और यतीम की खैरख्वाह बनने हिदायत दी। जिससे दुनिया में बेहतरीन समाज बना। पैगम्बरे इस्लाम ने हिदायत की कि भाई-बहन, मियां-बीवी, दोस्त-अहबाब, पड़ोसी और रिश्ते-नाते वाले सभी के अधिकार और हक़ को पूरा करें। उस अल्लाह को राज़ी करें और उस के अजाब से डरें। वो एक दिन हिसाब लेगा जहां कोई दलील काम नहीं आएगी जो किया है उसका अंजाम मिलेगा।

### नौजवान पढ़ें पैगम्बर की जीवनी : अकरम



पेशे से साफ्टवेयर इंजीनियर सैयद अब्दुल अकरम कहते हैं कि नौजवानों को पैगम्बर हजरत मुहम्मद की जीवनी पढ़कर उस पर अमल करना होना चाहिए। अल्लाह के नबी सभी के लिए नबी बनाकर भेजें गए हैं उन्होंने अल्लाह तक पहुंचने ओर पाने का सीधा रास्ता बताया क्योंकि अल्लाह ने आपके ऊपर कुरान जैसी मुकद्दस किताब उतारी। यही एकेश्वरवाद यानी एक ईश्वर की इबादत का दीन है।

## रूंगटा यूनिवर्सिटी में पौधारोपण

# प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने रोपे 400 फलदार और छायादार पौधे




**भिलाई।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में पौधरोपण किया गया। रोटरी क्लब दुर्ग के सहयोग से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में 400 फलदार और छायादार पौधे रोपे गए। क्लब के सभी पदाधिकारियों ने एक-एक पौधा रोपा, वहीं रूंगटा यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भी प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। सभी ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे, ताकि वे भविष्य में हरे-भरे पेड़ के रूप में विकसित हों और समाज के लिए छाया, ऑक्सीजन और हरियाली का उपहार दे सकें।

कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि, एक विकसित पेड़ साल भर में उतना ऑक्सीजन पैदा करता है, जितना चार व्यक्ति सांस लेने में उपयोग करते हैं। पेड़ प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ तापमान को नियंत्रित रखते हैं और भूजल स्तर को भी सुरक्षित करने में मददगार होते हैं। कार्यक्रम में शामिल रोटरी क्लब दुर्ग के अध्यक्ष पंकज कोठारी ने कहा कि आज पौधरोपण केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता बन गया है। यदि हम आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण देना चाहते हैं, तो प्रत्येक नागरिक को पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की आदत डालनी होगी। कार्यक्रम का समापन रोटेरियन राहुल भंडारी के आभार व्यक्त करते हुए और पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा समाज के लिए सार्थक पहल करता आया है और आने वाले समय में भी इस तरह के अभियानों को और बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा। रोटरी क्लब दुर्ग जिसमें उद्यमी, शिक्षाविद और स्वास्थ्य क्षेत्र के पेशेवर सदस्य शामिल हैं, लंबे समय से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। क्लब के कई सदस्य भिलाई राउंड टेबल से भी जुड़े हुए हैं, जो फ्रीडम थ्रू एजुकेशन पहल से वंचित बच्चों के लिए सरकारी स्कूलों में कक्षाएं बनवाने का कार्य कर रहे हैं।

## महाविद्यालय में आयोजन

# दुर्घटनाओं में कमी लाने यातायात नियमों का पालन करने किया प्रेरित




**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में आईक्यूएसी और परिवहन अधिकारी के तत्वावधान में विश्व शांति, विश्व पदयात्री रथयात्री, पर्वतारोही के डैन्जर्स एडवेचर्स अन्तर्वेद स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर बाई ऑन फुट जर्नी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन की प्रेरणा और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर जितेन्द्र प्रताप, महेन्द्र प्रताप, गोविन्दा नंद और निषाद ने छात्राओं को यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्राओं ने विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासा दूर की। जिला यातायात कार्यालय, दुर्ग के सुभाष बंजारे ने विभिन्न यातायात नियमों की जानकारी दी। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ अमिता सहगल ने कहा कि सड़क सुरक्षा का महत्व केवल दुर्घटनाओं को रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सुरक्षित स्थिर और जिम्मेदार समाज के निर्माण में भी सहायक है।कार्यक्रम प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने बताया कि हर नागरिक को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए और इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। डॉ सुषमा यादव के अनुसार एक छोटी सी सतर्कता न केवल आपकी बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकती है। कार्यक्रम का संचालन ज्योति भरणे और आभार व्यक्त तब्बसुम अली ने किया।

**दुर्घटनाओं में कमी लाने दी जानकारी**

## अच्छी और बुरी वस्तु का त्याग और दान सर्वश्रेष्ठ वस्तु का होता हैं : आर्यिका अक्षयमती

# लघु नाटिका का मंचन कर सामाजिक और नैतिक शिक्षा का दिया संदेश, णमोकार मंत्र का किया पाठ

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व के आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म पर शांतिधारा पाठ किया गया। पूजन में भक्तों द्वारा पंच परमेष्ठी, सोलह कारण, चंद्रप्रभ भगवान व दसलक्षण पूजन कर अर्घ्य समर्पित किये। इस दौरान संगीतमय पूजन के साथ महिलाओं ने लघु नाटिका का मंचन कर सामाजिक और नैतिक शिक्षा का भी संदेश दिया। गुरुवार को शांतिधारा राजकुमारी बालचंद जैन, रूचि विकास जैन, क्षमा, स्वास्तिक जैन परिवार और रश्मि संदीप, प्रीती सुदीप, यश, रुपल, शाश्वत, श्रव्या, इशिका, श्रेया नायक जैन परिवार ने किया। संगीतमय पूजन का संचालन अनेकान्त, स्वर कोकिला मंजूषा, राशि व डॉ आर के दोषी ने किया।




### नैतिकता और सदाचार की भावना रखे

आर्यिका अक्षयमती जी ने उत्तम त्याग धर्म पर प्रवचनों में बताया कि, त्याग धर्म एक महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांत है जो प्रत्येक जीव का कर्तव्य हैं । जिसमें अपने स्वार्थ, मोह और आसक्ति को त्यागने का प्रयास किया जाता है। निस्वार्थ भाव से अपने और दूसरों के लिए काम करना। आसक्ति हटाने अच्छी और बुरी वस्तु व आदतों का त्याग किया जाता हैं, इससे नैतिकता और सदाचार की भावना बढ़ती है। परन्तु समाजहित में दान सर्वश्रेष्ठ वस्तु का किया जाता हैं। प्रमुख रूप से औषधि, ज्ञान, अभय और आहार दान करना शास्त्रों में सर्वश्रेष्ठ माना गया हैं।

### शिक्षा प्रणाली पर नाटिका की सभी ने सराहना की

रात की आरती भक्ति उपरांत गणिनि प्रमुख ज्ञानमती माता के स्वस्थ्य होने की कामना के लिए णमोकार मंत्र व भक्तामर स्तोत्र का पाठशाला किया गया। अभिव्यक्ति ग्रुप की प्रियंका मनीत जैन, रिम्पल उज्ज्वल पाटनी, साधना, खुशबु, निधि, रचना पाटनी, स्वीटी पाटनी, योगिता, नेहा, शालू, सुरभि जैन द्वारा रील बनाओ प्रतियोगिता का सफलता संचालन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सामजिक संदेश लघु नाटिका के रूप में प्रस्तुति किए। जिसमें प्रथम पुरुस्कार मंजूषा, ऋचा, गरिमा व जया, द्वितीय हर्षिता, वैशाली, महिमा जैन, तृतीय पुरस्कार सुनीता दोषी, प्रेमा सेठी, अयान व निश्चय सेठी को प्राप्त हुआ। विशेष प्रस्तुति के लिए सचिन जैनम, गौरव जैन और अंकित जैन द्वारा आज की शिक्षा प्रणाली पर नाटिका की सभी ने सराहना की।

# जर्जर स्कूलों का होगा मेंटेनेंस, धमधा नाका से उरला तक बनेगी सर्विस रोड

## स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जिले में होने वाले कामों की ली जानकारी, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सभाकक्ष में समस्त विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। विभागीय कामकाज की जानकारी ली। बैठक में अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विधायक ललित चंद्राकर, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी जर्जर स्कूलों को सूचीबद्ध किया जाए, उनका मेंटेनेंस कराया जाए। जिले के हर निगम में कम से कम एक स्कूल में मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। धमधा नाका बोगदा से उरला तक एक सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। ताकि लोगों को आवाजाही में परेशानी न उठानी पड़े।उन्होंने गांवों में बने रीपा सेन्टरों में ग्रामोद्योग के माध्यम से लघु उद्योग स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार गौठानों को गौधाम के रूप में विकसित करने कहा।

### दुर्ग निगम का कचरा जेवरा-सिरसा में होगा डंप

अलग खबर

मंत्री यादव ने निकायों में कचरा निष्पादन की जानकारी ली। मंत्री को अवगत कराया गया कि भिलाई नगर निगम में एजेंसी तय हो गई है। साथ ही एग्रीमेंट भी कर लिया गया है। भिलाई को अपशिष्ट प्रबंधन इकाई में दुर्ग एवं अन्य नगरीय निकायों को भी शामिल करने कहा गया। दुर्ग नगरीय निकाय में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जेवरा सिरसा में निर्मित मुरुम खदान का चयन किया गया है। पानी सूखने पर अपशिष्ट पदार्थ उक्त खदान में डम्प कर समतल बनाया जाएगा। कचरा डम्प करने से पूर्व दीवार बनाने के निर्देश दिए गए। उमरपोटी में 400 केवी ट्रांसमिसन विद्युत लाईन के प्रभावितों को मुआवजा राशि और ग्राम कातरो में विद्युत करंट से मृत महिला के परिजन को मुआवजा राशि दिलाने के बारे में भी जानकारी ली।




### जनऔषधि केंद्रों की नियमित करें समीक्षा दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने निर्देश

जिला अस्पताल सहित जिले के सभी शासकीय चिकित्सालयों में आवश्यक जन औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने सीएमएचओ को निर्देशित किया। साथ ही जिला अस्पताल में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया कलेक्टर के अनुमोदन से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। रुआबांधा एवं देवधर मानव निर्मित वन को बेहतर करने के संबंध में वन विभाग के प्रस्ताव पर बीएसपी द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह को बीएसपी द्वारा सीएसआर मद से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, ग्रामीण विकास, गरीबी उन्मूलन और राष्ट्रीय विरासत की सुरक्षा आदि का ब्योरा मंगवाने कहा। बैठक में अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### विधायक ललित मिले मंत्री अग्रवाल व गुरु खुशवंत से



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नवनियुक्त मंत्री राजेश अग्रवाल और मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से मुलाकात की। ललित चंद्राकर उनके पद ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। ललित चंद्राकर ने कहा कि राजेश अग्रवाल के पास पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व एवं गुरु खुशवंत साहेब के पास कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग हैं। उन्हें विश्वास है कि दोनों ही अपने अनुभव और कौशल का उपयोग कर छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### डोम शेड निर्माण के लिए 25 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए वैशाली नगर विधानसभा में एक कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 32 बैकुण्ठ धाम मंदिर के पास सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 25 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### आईटीआई पावर हाउस व छावनी में बनेगा नया उद्यान

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भिलाई नगर विधानसभा में दो विभिन्न कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय आईटीआई. भिलाई एवं शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल छावनी में उद्यान निर्माण व सौंदर्यीकरण सह घास लगाने व प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण कार्य के लिए 99 लाख 97 हजार 150 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# ब्लैक और ग्रे स्पॉट पर बढ़ेगी सुरक्षा, एनएचएआई को जोड़ने वाली सहयोगी सड़कों में बनेंगे ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर ने आरटीओ को निर्देशित किया कि जिन लोगों को ट्रैफिक रूल्स तोड़ते पकड़ा गया, उनके लाइसेंस निलंबित किए गए। उनकी जानकारी ट्रैफिक पुलिस को उपलब्ध कराई जाए। ऐसे लोग यदि निलंबन के बाद भी वाहन चलाते पाए जाते हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई एवं सीएमजीएसवाई, विद्युत यांत्रिकी, बीएसपी के अधिकारियों को चिन्हांकित ब्लैक स्पाट्स, ग्रे स्पॉट्स, नालों में पुलियों की ऊंचाई, हाईमॉस्क लाईट, आवारा पशुओं की व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के साथ समयावधि में पूर्ण करने आवश्यक विभागीय पहल करने के निर्देश दिए गए।

*जिले में ट्रैफिक नियमों के पालन और सड़क हादसों को रोकने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे। सड़क पर मवेशी न बैठे, इसके लिए भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। सड़क सुरक्षा सप्ताह में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में एसएसपी विजय अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे।*




### सड़कों में हादसों को रोकने किए जाएंगे विशेष इंतजाम

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों का चयन कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इन्तजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले पाइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप प्राथमिकता से बनाए जाएं। कोहका से जुनवानी रोड स्थित कोसानाला पुलिया के दोनों तरफ रेलिंग, पुलगांव चौक पर रोटरी निर्माण व लेफ्ट टर्न फ्री करने, नेहरू नगर चौक पर लेफ्ट टर्न फ्री करने के साथ चौक के गड्ढों को भरने, स्थान समतलीकरण, रेल चौक सेक्टर-10 भिलाई ट्रैफिक सिग्नल निर्माण, सिरसा गेट चौक पर हाईमॉस्ट लाइट लगवाने, पुलगांव नाला रोड पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, बोगदा पुलिया से स्मृति नगर रोड व नेहरू नगर रोड पर अतिक्रमण हटाने और नेहरू नगर पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने चारों दिशाओं पर रम्बल्ड स्ट्रिप निर्माण आदि पर चर्चा की गई।

### नवरात्र में पैदल यात्रियों के लिए बेहतर प्रकाश व्यवस्था के निर्देश

नवरात्रि के समय पैदाल यात्रियों को ध्यान में रखते हुए पुलगांव नाला ओव्हरब्रिज सहित सभी ओव्हरब्रिज में प्रकाश की व्यवस्था हेतु नगर निगम एवं विद्युत विभाग के समन्वय से आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एएसपी यातायात ऋचा मिश्रा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ब्लैक स्पाट्स एवं ग्रे स्पाट्स पर विभागीय कार्रवाई से सड़क दुर्घटनाओं में आई कर्मियों एवं यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किया। बैठक में एडीएम अभिषेक अग्रवाल, दुर्ग आयुक्त सुमीत अग्रवाल, राजीव पाण्डे, मोनिका वर्मा, महेश राजपूत, आरटीओ एसएल लकड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## नो-हेलमेट, नो-पेट्रोल के समर्थन में सड़क पर उतरीं महापौर बाघमार



पटेल चौक में बांटा हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नो-हेलमेट, नो-पेट्रोल अभियान का महापौर अल्का बाघमार ने समर्थन किया है। इसे लेकर शहर में एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व महापौर अलका बाघमार ने किया।महापौर बाघमार भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल एवं पार्षदों के साथ पटेल चौक पहुंचीं।

दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में समझाया। इस अवसर पर पार्षद संजय अग्रवाल, साजन जोसफे, गोविंद देवांगन, हेमन्त मटियारा, सुरेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे। बाघमार ने स्वयं आम जनता से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल एक सुरक्षा उपकरण नहीं है, बल्कि यह उनके और उनके परिवार के जीवन की सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कई जरूरतमंद लोगों को हेलमेट भी बांटे और समझाया कि सड़क दुर्घटना के समय यह एक छोटी-सी ढाल कैसे बड़ी अनहोनी से बचा सकती है। पटेल चौक पर लोगों से हेलमेट पहनने की अपील की गई।

## विश्व शांति और पर्यावरण संरक्षण के लिए पदयात्रा

**11 देशों में 4.52 लाख किमी का सफर तय दुर्ग पहुंची टीम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

डैंजर्स एडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी के सदस्य और गिनीज बुक, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टीम जागरूकता अभियान चला रही है। टीम में अवध बिहारी लाल, जितेंद्र प्रताप, महेंद्र प्रताप और गोविंदा नंद शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में जागरूकता अभियान चला रही है। टीम ने अब तक विश्व के 11 देशो में 4 लाख 52 हजार किमी की विश्वशांति विश्व पदयात्रा पूरी की है। इस विश्व शान्ति विश्व पदयात्रा के दौरान इन्होंने वर्ष 2018 में दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट ऐवरेस्ट बेस कैम्प की यात्रा सफलता पूर्वक सम्पन्न की। टीम द्वारा अब तक 14 करोड़ 50 लाख पौधो का वृक्षारोपण भी कराया है। टीम भारत के लगभग 600 जनपदों की यात्रा कर चुकी है, जिसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गोवा, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्य के जनपद शामिल हैं। इसी क्रम में इन्होंने छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से दो जिलों की यात्रा पूरी कर ली है। इस दौरान टीम द्वारा दुर्ग जिले के जनपद दुर्ग में 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण, जल संरक्षण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मतदाता जागरूकता से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया। इसकी शुरुआत लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश से 30 जुलाई 1980 को शुरू की गई थी।



## एमआरडी ने एलडी स्लैग बिक्री कीर्तिमान



**भिलाई।** बीएसपी के मटेरियल रिकवरी विभाग (एमआरडी) ने अगस्त में 47,123 टन एलडी. स्लैग का प्रेषण का अब तक का सर्वोच्च मासिक रिकर्ड स्थापित किया। यह आँकड़ा फरवरी में दर्ज 38,686 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ आँकड़े से कहीं अधिक है। एसएमएस से निकलने वाले एलडी. स्लैग (उद्योग अपशिष्ट) को मूल्यवान संसाधन के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है। यह उपलब्धि एमआरडी की सर्कुलर इकनोमी को बढ़ावा देने, इस्पात उत्पादन को सुचारु बनाने और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को सु–ढ़ करने की दिशा में बढ़ते योगदान की पहलकदमी है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार बताया कि यह मासिक रिकर्ड एमआरडी की टीमवर्क, दक्षता, स्थिरता और मूल्य सृजन का नया मानक है।

## आईटीआई में सम्मान समारोह, महाभारत युद्ध को पंडवानी के जरिए किया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- सेवानिवृत्त ने अपने पुराने अनुभव किए साझा
- पद्मश्री उषा बारले भी आयोजन में हुईं शामिल

आईटीआई में प्रभारी प्रशिक्षण अधीक्षक एए मंसूरी की अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें वर्तमान में कार्यरत तथा सेवानिवृत्ति प्राप्त हर तरह के अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ बीएम आईटीआई तथा आमदी नगर आईटीआई के प्राचार्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मंसूरी को पुष्पगुच्छ देकर तथा माला पहना कर हुई।

मौजूद अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इस अवसर पर रत्ना शर्मा, गोरख प्रसाद, संजय महाजन, चंद्रशेखर सिंह, राजेंद्र अग्रवाल तथा कुमारी तारा निर्मलकर ने अपने अपने अनुभव साझा किए। पद्मश्री सम्मानित ऊषा बारले ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा अपने वक्तव्य से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बारले ने मंचस्थ अधिकारियों तथा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए महाभारत के 18 दिवसीय युद्ध को पंडवानी तर्ज पर प्रस्तुत किया। एए मंसूरी अपने सेवाकाल के दौरान कुछ वर्ष भिलाई आईटीआई में भी पदस्थ रहे। कार्यक्रम में भिलाई आईटीआई से आए अधिकारियों ने मंसूरी का शॉल और फूलमाला के साथ सम्मान किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य प्रतीक कुमार साहू ने मंसूरी में व्याप्त प्रबंधन, नेतृत्व, सहनशीलता तथा अन्य गुणों की तारीफ करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों में ये गुण होते हैं। उनका सम्मान हर जगह होता है। हर व्यक्ति को अपने व्यक्तित्व में इन गुणों को आत्मसात करना चाहिए यह कहते हुए मंसूरी के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्था पुष्पेन्द्र सिंह ने की। मंच संचालन ब्रजेश कुमार जांगड़े ने किया। लुपेश कुर्रे का कार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान रहा। ढोल नगाड़े के साथ पटाखे फोड़के मंसूरी को विदाई दी गई। कार्यक्रम में निमिष दुबे, देवेंद्र देवांगन, ताकेश कश्यप, मीनाक्षी सिंह, पुष्पा देवांगन, स्वीटी शर्मा, मीना कुमारी आदि मौजूद थे।




## जिले में होगा वेटलैंड सर्वे, राजस्व विभाग के अफसरों को ट्रेनिंग



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर भिलाई-चरोदा के सभागार में वेटलैंड (आर्द्रभूमि) सर्वे एवं सीमांकन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण राजस्व निरीक्षक, पटवारी, वन विभाग के बीट गॉर्ड एवं अन्य कर्मचारियों, अधिकारियों को प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का संचालन वनमण्डलाधिकारी दीपेश कपिल ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को वेटलैंड सर्वेक्षण के दौरान शुद्धता एवं सटीकता के साथ कार्य निष्पादित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण का उद्देश्य वेटलैंड संरक्षण को प्रभावी रूप से लागू करना एवं सर्वेक्षण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना था। इस अवसर पर एडीएम अभिषेक अग्रवाल, एसडीएम महेश राजपूत, भिलाई-3 के पटवारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा वन विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के ग्राम पथरिया प. ह.नं. 05, रा.नि.मं. बोरी बुजुर्ग, तह. बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.) खसरा नंबर 872/1 रकबा 1.27 हे. भूमि का सौदा कर आपसी इकरारनामा निष्पादित कर दिनांक 29.08.2025 को अग्रिम राशि का सौदा कर अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा शेष राशि रजिस्ट्री करना शेष है। यदि किसी भी संस्था, व्यक्ति, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय या निजी किसी भी संस्था को किसी प्रकार का कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो आप सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर हमारे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है तथा निर्धारित समयावधि के पश्चात किये गये किसी भी आपत्ति या उजर दावा पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जायेगा अन्यथा आपत्ति शून्य माना जावेगा। अतः इस आम सूचना के माध्यम से प्रकाशन कर सूचना प्रकाशित की जा रही है। सो सूचना जाने

दुर्ग (छ.ग.) दिनांक 4.9.2025

चम्पलेश्वर सिन्हा अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
निवास- शहीद भगत सिंह स्कूल के पीछे सिंधिया नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) मो. 9329119764
9589346857

## हम ऐसी दुनिया बनाएं, जिसमें कोई अपराध न हो : बघेल




**दुर्ग।** केंद्रीय जेल दुर्ग में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर कहा कि कई बार छोटी-छोटी गलतियों से भी लोग जेल पहुंच जाते हैं। हमें अपराधों से बचने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम ऐसी दुनिया बनाएं, जिसमें कोई अपराध न हो। चारों तरफ प्रेम ही प्रेम हो। हमें जीवन में नया उजाला, खुशियों भरा परिवर्तन लाने की सोच के साथ राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहिए। चिंतन करना चाहिए। शंकराचार्य महाविद्यालय के डायरेक्टर आईपी मिश्रा, जेल अधीक्षक मनीष संभाकर, जेल के विधि अधिकारी ईशु देशमुख, सहायक जेल अधिकारी अशोक साव, रश्मि चौधरी, फार्मासिस्ट डी एस कोसरे उपस्थित थे। शिविर में डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. राजेश, न्यूरोसर्जन डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. राजेश सिंघल, डॉ. राजन, संदीप सोनी, आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग सहित अन्य का सहयोग रहा।

## निधन

### राम प्रसाद राठौर



भिलाई। गायत्री नगर भिलाई-3 निवासी राम प्रसाद राठौर (75 वर्ष) का गुरुवार की शाम निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार पांच सितंबर की सुबह 9.30 बजे उमदा रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विनोद राठौर, विजय राठौर एवं अजय राठौर के पिता थे।

### विक्रम साहू




**दुर्ग।** वार्ड 33 की भाजपा पार्षद व नगर निगम की महिला बाल विकास प्रभारी शिवपारा निवासी शशि द्वारिका साहू के छोटे सुपुत्र विक्रम उर्फ सनी साहू 25 वर्ष का शंकराचार्य हॉस्पिटल में उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

**259 प्रकरणों पर की गई समीक्षा**

# आईजी ने तीन घंटे तक किया प्रकरणों की समीक्षा झूठ केस दर्ज कराने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग ने अपने सभागार कक्ष में रेंज स्तरीय दोष मुक्ति 259 प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा तीन घंटे से अधिक समय तक चला। जिसमें दुर्ग रेंज के उपसंचालक और एएसपी अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक में दोषमुक्ति के कारणों की समीक्षा की गई और जिन कारणों से प्रकरणों में दोषमुक्ति हुए है। उसे लेकर विवेचना के सुधार के लिए पुलिस अधिकारियों को आदेशित किया गया। विवेचना, अभियोजन में लापरवाही करने वाले पुलिस अभियोजन अधिकारीयों की जिम्मेदारी तय करने निर्देशित किया। आईजी गर्ग ने निर्देश दिया है कि ऐसे सभी गंभीर प्रकरणों में जिनमें अग्रिम ज़मानत आवेदन लगाए जाते हैं। उनमें पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का ब्योरा अलग से संधारित किया जाए। जहाँ गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, उसके ठोस कारणों का उल्लेख करे। उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत निरस्त कर दी जाती है तो अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी तय करे। बैठक में यह भी निर्देशित करे की झूठी शिकायत करने वाले व निर्दोश व्यक्तियों को फँसाने वाले आरोपियों के खिलाफ अभियोजन अधिकारियों द्वारा न्यायालय में प्रतिवेदन पेश किया जाए।



### बैठक में भी मौजूद रहे

संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग एस.एस. ध्रुव, उप निदेशक अभियोजन दुर्ग अनुरेखा सिंह, सहायक जिला अभियोजन बालोद प्रमोद घृतलहरे, उप निदेशक अभियोजन बेमेतरा आशीष कुमार सिन्हा, सहायक जिला अभियोजन बेमेतरा विनय अग्रवाल, एएसपी पद्मश्री तंवर, एएसपी बेमेतरा ज्योति सिंह, एएसपी बालोद मोनिका ठाकुर, डीएसपी शिल्पा साहू, उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## रामधुनि सम्मेलन में भक्तिभाव से जुटे लोग

**जामगांव आर।** गणेशोत्सव पर भाटापारा कौही में श्रीराममय रामधुनी सम्मेलन का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष रुस्तम साहू, उपाध्यक्ष मनोज निर्मलकर और लेखराम निषाद की पहल पर पूरे गाँव में भक्ति की परंपरा जीवंत हो उठी। मुख्य अतिथि भाजयुमो अध्यक्ष नारद साहू जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि ने कहा कि हमारे भारत की संस्कृति विश्व पटल पर भाईचारा और शांति का संदेश देती है।इस अवसर पर लीना साहू सरपंच ग्राम पंचायत कौही, योगेश्वर साहू , सुरेश साहू , कामता प्रसाद साहू , डॉ. संतोष साहू आदि थे।

# शिक्षकों ने 30 दिनों का अर्जित अवकाश मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई



नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ ने शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को शाला संचालन सुबह की पाली के स्थान पर 10 से शाम 4 बजे तक करने के आदेश को अव्यवहारिक बताया है। वहीं संघ ने अन्य शासकीय कर्मियों की तरह 30 दिनों का अर्जित अवकाश पर भी निर्णय लेने की मांग की है। संघ के प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू, दुष्यन्त कुम्भकार, रूपेंद्र सिन्हा, अजय कड़व, राजेश शुक्ला, शंकर लाल भार्गव,प्रकाशचंद कांगे, अमितेश तिवारी, चंद्र शेखर रात्रे, मनोज चंद्रा, बृज नारायण मिश्रा और नरेश गुप्ता सहित नवीन शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग को तुरंत शनिवार शाला संचालन 10 से 4 किये जाने वाले दिशा निर्देश को रद्द करना चाहिए और पूर्व की भांति 7.30 से 11.30 तक शाला संचालन के लिए समस्त जिला शिक्षधिकारियो को निर्देशित करना चाहिए। जिससे स्कूली विद्यार्थियों को सुबह योग, शारीरिक व्यायाम व विभिन्न खेलकूद कराया जा सके। जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी, वेदप्रकाश साहू, छंन्नू लाल साहू, रमन शर्मा, वेदराम साहू,चंद्रिका पाण्डेय, अमित मैसी,सतीश टंडन, देवकांत सिन्हा, नरेश चौहान और हरिकांत अग्निहोत्री ने कहा कि प्रत्येक शासकीय कर्मचारियों को 30 दिनों के अर्जित अवकाश के साथ साथ प्रति शनिवार शासन द्वारा अवकाश दिया जाता है जिनकी संख्या लगभग 52 है। वही शिक्षक संवर्ग को ग्रीष्म कालीन अवकाश प्रदान किया जाता जो रविवार को जोड़कर 45 होता है जिसमे भी अधिकांश दिन शिक्षकों को विभागीय प्रशिक्षण सहित अन्य कार्यों मे संलग्न कर दिया जाता है। जिससे ग्रीष्म कालीन अवकाश भी लगभग नही के बराबर होता है। शिक्षक संवर्ग को भी अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह 30 दिनों के अर्जित अवकाश प्रदान करने हेतु निर्देश जारी किया जाना चाहिए। शनिवार सुबह स्कूल संचालन व 30 दिनों के अर्जित अवकाश की मांग को लेकर नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत के नेतृत्व मे सितंबर माह के 20 तारीख के पहले मांग पत्र विभागीय मंत्री व अधिकारियो को सौंपा जायेगा।

# अखरा स्कूल में शिक्षकों की मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई



अखरा स्कूल में बुधवार को अचानक 3 बजे छुट्टी घोषित कर दी गई। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने पालकों को सूचना नहीं दी और ना ही मोबाइल संदेश या व्हाट्सऐप ग्रुप के जरिए जानकारी दी गई। इसके चलते बच्चे स्कूल समय से पहले ही बिना निगरानी के बाहर निकल गए और सड़कों पर घूमते रहे। अचानक छुट्टी की वजह से पालकों में आक्रोश रहा। पालकों का कहना है कि जब विद्यालय प्रबंधन रोज़मर्रा की छोटी-छोटी सूचनाएँ मोबाइल संदेशों के माध्यम से साझा करता है, तो छुट्टी जैसी महत्वपूर्ण जानकारी क्यों नहीं दी गई। पालकों का आरोप था कि छोटे बच्चों को इस तरह असुरक्षित छोड़ देना प्रबंधन की गंभीर लापरवाही है। विद्यालय के एक शिक्षक ने बताया कि अभी-अभी छुट्टी का आदेश मिला है और शिक्षक हमेशा ऑनलाइन उपलब्ध नहीं रहते। अचानक छुट्टी से उपजे इस विवाद ने न सिर्फ पालकों की चिंता बढ़ा दी है बल्कि विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**पहले से दी गई थी जानकारी : महिलांगे**

“ पहले से जानकारी दी गई थी। राज्य स्तर का खेल कूद का आयोजन होना है। इसके बावजूद बिना जानकारी के अचानक से स्कूल की छुट्टी कर दी गई है जवाब मांगा जाएगा।

प्रदीप महिलांगे, खंड शिक्षा अधिकारी पाटन



## खबर संक्षेप

### महासचिव बने आचार्य अशोक चतुर्वेदी



**भिलाई।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के सम्मेलन में भिलाई दुर्ग सहित जिला से भी पुरोहितों ने भाग लिया। सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए नियुक्ति हुई। जल्द ही छग व जिला के लिए कार्यकारिणई गठित होगी। मह कथावाचक आचार्य अशोक चतुर्वेदी हरिवंश को संघ का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। दतिया पीताम्बरा पीठ के पुजारी अनिल चतुर्वेदी को संघ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अभा पुजारी पुरोहित संघ संघ छग के संचार प्रमुख पं. रुपेश पचौरी ने बताया कि इस अवसर पर महंत सुरेन्द्र दास (राम जानकी मंदिर, निर्वाणी अखाड़ा, रायपुर), महंत हेमंत दास, डॉ. रविन्द्र, डां. रविंद्र द्विवेदी,राघवेंद्र दास, महंत नंदकिशोर दास ने नियुक्ति को धर्म व समाज के लिए शुभ संकेत बताया है।

### नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख कल

# बीएसपी ओए चुनाव की बढ़ी सरगर्मी, जेडआर के लिए 15 नामांकन दाखिल, अध्यक्ष, जीएस, कोषाध्यक्ष पर निगाहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन (ओए) का चुनाव जैसे जैसे करीब आ रहा है सियासी सरगरमी बढ़ रही है। आज गुरुवार को नामांकन को लेकर जोनल (जेडआर) प्रतिनिधियों के दावेदारों में खासा उत्साह देखा गया। वहीं प्रत्यक्ष चुने जाने वाले अहम पदों के लिए भी गहमागहमी बढ़ गई है। आज जेडआर के लिए 4 और कोषाध्यक्ष के पद के लिए एक सदस्य ने नामांकन फार्म लिया है।

वर्ष 2025 से 2027 के लिए 19 सितंबर को होने वाले ओए के चुनाव के लिए चुनाव कार्यालय बीटीआई के एचडी कक्ष 13 में दावेदारों और समर्थकों की भीड़ लगी रही। कोषाध्यक्ष के लिए एक और जेडआर पद के लिए के लिए 19 नामांकन लिए गए। बुधवार को कोषाध्यक्ष के लिए एक और जेडआर के लिए 15 लोगों ने नामांकन लिए थे। अब तक जोनल प्रतिनिधि के लिए 15 नामांकन दाखिल हो चुके हैं। कोषाध्यक्ष के लिए दो लोग नामांकन ले चुके हैं।

जेडआर के कुल 34 पद हैं। सभी पदों के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख छह सितंबर व वापसी की अंतिम तारीख 9 सितंबर है। सदस्य अफसरों ( मतदाताओं) द्वारा सीधे चुने जाने वाले अध्यक्ष के साथ महासचिव व कोषाध्यक्ष के अभ्यर्थी को लेकर अधिकारियों के साथ लोगों की भी दिलचस्पी बनी हुई है। सेफी चेयरमेन एनके बंछोर तीन बार के ओए अध्यक्ष हैं, क्या वे चौथी बार दावेदारी करेंगे, इसे लेकर उत्सुकता बनी हुई है। वहीं कोषाध्यक्ष के लिए वर्तमान कमेटी में कोषाध्यक्ष रहे अंकुर मिश्रा व तुषार चिकरिहा के नामों की चर्चा है। इस पद के दो नामांकन उठे हैं। महासचिव के लिए भी दावेदारों तलाश अघोषित पैनलों के रणनीतिकारों ने शुरु कर दी है। 9 सितंबर को सभी पदों के लिए तस्वीर साफ हो जाएगी।

### जीएम ठाकुर सहित 4 सदस्यीय कमेटी संभाल रही मोर्चा

ओए चुनाव की निगरानी, निष्पक्षता और प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ बीएसपी अधिकारियों की चार सदस्यीय टीम गठित की गई है। महाप्रबंधक जेन ठाकुर, संदीप झा, विकास चंद्रा और उप प्रबंधक सैफुद्दीन फजली के मार्गदर्शन में नामांकन सहित मतदान और मतगणना व परिणाम की पूरी चुनावी प्रक्रिया संपादित की जाएगी। दूरस्थ स्थानों पर तैनात अधिकारियों को भी पोस्टल मतपत्र के माध्यम से वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। चुनाव की पूरी प्रक्रिया, नामांकन, निगरानी व्यवस्था के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई है।



### सेल की चुनौतियों की दृष्टि से अहम

2025-2027 के चुनाव का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि सेल का यह सबसे बड़ी यूनिट बीएसपी भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। विशेष रूप से इस्पात उद्योग में चुनौतियों जैसे उत्पादन क्षमता वृद्धि और कर्मचारी कल्याण के संदर्भ में।सभी पात्र अधिकारियों को वोट डालने का अवसर प्रदान किया गया है, जिसमें दूरस्थ स्थानों पर पदस्थ अधिकारियों के लिए पोस्टल मतपत्र की व्यवस्था शामिल है। सेफी (स्टील एक्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया) के पिछले चुनाव में, भिलाई और बोकारो जैसे प्लांटों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई थी।

### अभा एससी एसटी ओबीसी संयुक्त मोर्चा की बैठक आज

**भिलाई।** अखिल भारतीय एससी एसटी ओबीसी संयुक्त मोर्चा की बैठक मनवा कुर्मी भवन शंकर नगर दुर्ग में शुक्रवार को आयोजित है। संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव अनिल मेश्राम मुख्य अतिथि तथा प्रदेश अध्यक्ष कौशल वर्मा प्रदेश अध्यक्ष होंगे। बैठक मे संयुक्त मोर्चा के संविधान पर्व के तहत छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन, संगठन के विस्तार व संवैधानिक मुद्दो पर चर्चा हुई। अन्य विषयो पर विचार विमर्श कर सर्व सम्मत निर्णय लिये जायेंगे। महासचिव रमेश पटेल ने यह जानकारी देते हुए सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।





